समाचार संक्षेप

कोविड के बाद डेंगू ने बिगाड़ी शहर की सेहत

इंदौर,14 सितम्बर ( )। सरकार डेंगू को लेकर जितनी चिंता और तैयारियां दिखा रही है, डेंगू उतना ही ज्यादा पैर पसारता नजर आ रहा है। गत दिवस 17 नए डेंगू के मरीज मिले हैं। इसके साथ ही डेंगू मरीजों की संख्या भी बढ़कर 139 हो गई है। इसका असर अस्पतालों में दिखने लगा है। बड़े निजी अस्पतालों में जगह न होने का हवाला देकर मरीजों को लौटाया जा रहा है। डेंगू के मुकाबले के लिए जमीनी स्तर पर सरकारी तैयारियां अपर्याप्त नजर आ रही हैं। इसकी पुष्टि डेंगू मरीजों के बढ़ते आंकड़े कर रहे हैं। तीन दिन में 45 नए मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा 17 मामले गत दिवस दर्ज हुए। शुभम पैलेस, खातीवाला टैंक, स्कीम-51, साउथ तुकोगंज, महालक्ष्मीनगर, शिव सिटी, भंवरकुआ, महेश गार्ड लाइन, ब्रह्मपुरी, पिपल्याराव, आनंपुरी, गणेशनगर, खंडवा नाका, एलआईजी और तलावानी चांदा से मिले हैं। इसकी रिपोर्ट में सबसे ज्यादा मामले भंवरकुआं-खंडवा रोड क्षेत्र से हैं। जिले में मरीजों की कुल संख्या 139 हो गई है। इसी बीच स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में अब तक 45,500 जगहों से लार्वा सेंपल लिए जा चुके हैं। हालात के मद्देनजर कलेक्टर ने नगर निगम से लेकर नगर परिषद तक डेंगू से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन खरीदने के निर्देश दिए थे। बहरहाल, कोविड-19 की दूसरी लहर की तरह डेंगू ने भी इंदौर की स्वास्थ्य व्यवस्था को हिलाकर रख दिया है।

एनएचएआई के इंजीनियर बेटे ने नाबालिग से किया दुष्कर्म

इंदौर,14 सितम्बर (ए)। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के इंजीनियर का बेटा घर में काम करने वाली एक नाबालिग सक एक साल तक दुष्कर्म करता रहा। 15 साल की नाबालिग से घर में बंधुआ मंजदूर के रूप में काम लिया जा रहा था। नाबालिग को सात महीने का गर्भ हो गया तो इंजीनियर के परिवार ने उसकी मौसी को धमकाया और कहा 600 रुपए लो और बच्ची को गोली खिला देना, आबर्शन हो जाएगा। इसके बाद नाबालिग की मौसी और परिवार में विवाद हो गया, फिर नाबालिग को मुंबई में आबर्शन के लिए भेजा गया। जानकारी के बाद इंदौर चाइल्ड लाइन ने मुंबई चाइल्ड लाइन से संपर्क किया गया। मामले में जिला कोर्ट ने बयान दर्ज कर आरोपी को गत दिवस गिरफ्तार कर लिया। मामला राऊ थाना क्षेत्र के रॉयल कृष्णा टाउनशिप का है। बिलासपुर एनएचएआई में तैनात इंजीनियर शैलेन्द्र तिवारी का परिवार एक नाबालिग को घर में लाकर उससे काम करवाता था।

एमसीयूः राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर पांच दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

भोपाल,14 सितम्बर (ए)। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के मीडिया प्रबंधन विभाग द्वारा गत दिवस पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. केजी सुरेश करेंगे। इस कार्यक्रम में देशभर से 200 प्रतिभागी शामिल होंगे।

डेंगू से जंग - जनता के संग अभियान 15 से

भोपाल,14 सितम्बर (ए)। कोरोना के बाद डेंगू के बढ़ते प्रकरणों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इसकी रोकथाम के लिए सरकार 15 सितम्बर से डेंगू से जंग-जनता के संग अभियान शुरू कर रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गत दिवस जनता से अपल की है कि प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति कोरोना के साथ डेंगू का फैलाव रोकने से बचने के लिए वैक्सीन का दूसरा डोज लेने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन (17 सितम्बर) को आयोजित टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने की भी अपील की है। उन्होंने कहा कि घरों के आसपास पानी जमा होने से डेंगू का लार्वा पनपता है। थोड़ी सी जागरूकता से कोरोना, डेंगू सहित अन्य संक्रामक रोगों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपचार से बेहतर है कि एहतियात बरतें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम पिछले डेढ़ साल से कोरोना से लड़ रहे हैं। यह कहते हुए संतोष है कि तात्कालिक रूप से कोरोना पर नियंत्रण पाने में हम सफल रहे हैं। ये जनता के सहयोग से संभव हुआ है, पर लापरवाही नहीं करना है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण जरूरी है। इसलिए हम टीका लगवाएं। अब तक प्रदेश में 75 फीसद से ज्यादा पात्र आबादी को पहला डोज लग चुका है। फिर भी लोग छूटे हैं। हमारे 30 सितम्बर तक प्रदेश की पात्र आबादी को पहला डोज लगाने का संकल्प लिया है।

खनिज निगम से वापस लेंगे 14 जिलों की रेत खदानें

भोपाल,14 सितम्बर (ए)। रायसेन, मंदसौर, धार सहित 14 जिलों की रेत खदानें एक बार फिर खनिज निगम से वापस लेकर कलेक्टरों को सौंपी जा रही हैं। इन जिलों की खदानों की नीलामी अब तहसील स्तर पर क्लस्टर बनाकर होगी। वर्ष 2019 की रेत नीति के मुताबिक ये खदानें अभी जिला स्तर पर क्लस्टर बनाकर नीलामी की जा रही थीं। इस नीति से कमलनाथ सरकार ने 48 जिलों की रेत खदानें नीलाम की थीं। इनमें से सात जिलों के ठेके अब तक निरस्त हो चुके हैं और चार जिलों के ठेकेदारों ने खदानें वापस कर दी हैं। शिवपुरी जिले की रेत खदानों का ठेका भी निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। खदानों की ऊंची बोली लगाने के कारण ठेकेदार इन खदानों को चला नहीं पा रहे हैं। वर्ष 2019 में की गई रेत खदानों की नीलामी से सरकार कोक 1400 करोड रुपये राजस्व मिलने की उम्मीद थी, पर ऐसा नहीं हुआ। सबसे पहले तो प्रदेश की सबसे बड़ी नर्मदापुरम (होशंगाबाद) खदान ठेकेदार ने छोड़ी, जिसे दोबारा नीलाम करना पड़ा। इसे बाद तो खदानें छोडने् का सिलसिला शुरू हो गया। आठ जिलों के ठेकेदार खदानों से उतनी राशि भी नहीं निकाल पाए, जितनी मासिक किश्त जमा करना थी, ऐसे ठेकेदारों की खदानें निरस्त करना पड़ीं। इस स्थिति को देखते हुए रेत नीति की समीक्षा के लिए बनाई गई मंत्रियों की समिति ने खदानों का आवंटन छोटे स्तर पर करने की सलाह दी थी। समिति ने तय किया था कि खदानों के समूह (क्लस्टर) जिला स्तर पर न बनाकर तहसील स्तर पर बनाए जाएं। इसलिए जिन 14 जिलों में खदानें निरस्त-समर्पित की गई हैं, उनमें अब तहसील स्तर पर समूह बनाकर खदानें नीलाम की जाएंगी। इस निर्णय के बाद खनिज निगम संबंधित जिलों में ख्दानें कलेक्टरों को सौंपने की तैयारी कररहा है। बताया जा रहा है कि अब संबंधित जिलों में खदानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू होने से पहले खदानों में रेत के भंडार का पता लगाया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर कलेक्टर सर्वे कराएंगे।

नदी पार कर ग्रामीणों तक चिकित्सा लाभ पहुंचा रहे स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता

बैपारीगुड़ा 14 सितम्बर (सन्यूस) बैपारीगुड़ा ब्लाक के कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बारिश के समय जान की बाजी लगाकर नदी पर करते हुये ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविध मुहैया करा रहे है।

बैपारीगुड़ा ब्लाक क बालिगुड़ा पंचायत अंतर्गत मुंडागुड़ा गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुधामणि मांझी, पार्वती हरिजन एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुलोचना नायक ने गत 11 सितंबर को मुंडागुड़ा पास के नदी को बगैर नाव से पार कर कांगुगुड़ा एवं झलियागुड़ा पहुंच कर गांव के गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण करने के साथ ही वृध्द एवं अन्य बीमार लोगों का उपचार किया। बताया गया है कि मुंडागुड़ा पास के नदी का करने नाव का व्यवस्था नही है। नदी पार के ग्रामीण गर्मी के समय नदी में घुटने भर का पानी का पार करते है मगर वर्षात के समय उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रोजमर्रा की सामानों के लिए उन्हें तैर कर नदी पार करना पड़ता है। नदी में बाढ़ आ जाने से संबंधित गांव के ग्रामीण मुंडागुड़ा तथा अन्य गांवों से पूरी तरह से संपर्क टूट जाता है।

तीन महिला कर्मचारियों के व्दारा बगैर नाव के नदी पार कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का जज्बे के बारे में पता चलने पर लोगों ने काफी सराहना की है।

अधोषित बिजली कटौती एवं प्रस्तावित विद्युत दरों में की जा रही वृद्धि उपभोक्ताओं पर सरकार का प्रहारः चौहान

भोपाल 14 सितंबर (ए)। शिवराज सरकार में उपभोक्ताओं के साथ लगातर हो रही ठगीबाजी से प्रदेश की जनता पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को जहां एक ओर असमय भारी भरकम बिजली के बिल थमाये जा रहे हैं, अघोषित बिजली कटौती कर उन्हें परेशान किया जा रहा है, वहीं प्रस्तावित विद्युत दरों से उनकी आर्थिक पीड़ा को बढ़ा बढ़ाया जा रहा है।

प्रदेश की जनता को इन्हीं सब परेशानियों से जूझते देख प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में आज करोंद क्षेत्र में मप्र विद्युत मंडल के कार्यालय में कांग्रेसजनों ने शिवराज सरकार की जनविरोधी नीतियों, बिजली कटौती एवं उपभोक्ताओं को थमाये जा रहे अनाप शनाप बिजली के बिलों के खिलाफबिजली उपकेन्द्र का घेराव-प्रदर्शन कर विद्युत विभाग द्वारा की जा रही अनियमितताओं पर विराम लगाने की मांग की गई। श्री चौहान ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन विद्युत विभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए कहा कि वर्तमान में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में घरेलू एवं व्यवसायिक विद्युत की दरे अत्यधिक हैं, जनसामान्य पर इसका भारी बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण कई परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है, काम-धंधा चला गया, छोटे दुकानदारों की आमदमी छिन गई, मजदूर घर बैठ गया और पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की कीमतों, महंगाई ने जनता का जीवन दूभर कर दिया है, ऐसे में प्रदेश की जनता सरकार से उम्मीद रखती है कि वह विपरीत परिस्थिति में जनता के साथ है, लेकिन जनमानस के साथ सरकार जनता के साथ कुठाराघात कर रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार में जनता को 100 रूपये में 100 यूनिट बिजली मिलती थी आज बिजली विभाग द्वारा की जा रही मनमानियों, अघोषित कटौती से लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार 3 रूपये यूनिट बिजली खरीद रही है तो 9 रूपये यूनिट उपभोक्ताओं से क्यों वसूले जा रहे है?

भाजपायीं जैकलीन की माला जपते हैं! बेटी समान अभिनेत्री को बदनाम करते हैंः रवि सक्सेना

भोपाल 14 सितंबर (ए)। कांग्रेस महासचिव, वरिष्ठ प्रवक्ता रवि सक्सेना ने मंत्री द्वय नरोत्तम मिश्रा और भूपेंद्र सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपायियों के मन हैं महिलाओं के लिए इतने गंदे विकार और विचार हैं कि आइफा जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड सरेमनी के लिए प्रसिद्ध अभिनेता सलमान खान के साथ शिरकत करने आयी अभिनेत्री जैकलीन के लिए लगातार ये मंत्री मौके कमलनाथ की बेटी समान प्रतिष्ठित अभिनेत्री को लेकर अनर्गल प्रलाप कर अपनी कुंठा को प्रदर्शित कर अपने असली चाल, चरित्र और चहेरे को उजागर करते रहते हैं। ये शायद भूल जाते हैं की अभी हाल ही में इनके मदिरा प्रेमी मंत्री जी जो मुख्यमंत्री की पत्नी पर अश्लील टिप्पणी कर मंत्रीमंडल से निकाले जा चुके थे उन्होंने मध्यप्रदेश आयी एक प्रसिद्ध शालीन अभिनेत्री को डिनर डेट पर चलने के लिए दबाब डाला था और आफर ठुकरा देने पर वन विभाग से फ़िल्म की शूटिंग रूकवा दी थी। जिससे प्रदेश की बदनामी पूरे देश में हुयी थी मंत्री जी इसे कहते हैं दर्शन की तीव्र उत्कंठा। रवि सक्सेना ने मंत्री द्वय पर तंज कसते हुए कहा कमलनाथ चंद्रमा के समान देदीप्तयमान हैं उन पर थूकने की घृष्टता करोगे तो वो स्वयं आपके चेहरे को ही मलीन करेगा। वैसे पूरा देश और प्रदेश जानता है जहाँ जहाँ महिला अपराधों, दुष्कर्मों की घटनायें होती हैं वहाँ वहाँ अधिकांशतः भाजपायियों के नाम ही सामने आते हैं। वैसे भी महिला अपराधों और छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म में शिवराज सरकार को देश में नंबर वन का मुकाम हासिल है।

वैसे कमलनाथ जी के शिवराजजी की जनदर्शन यात्रा की हकीकत उजागर करने वाले बयान से पूरी भाजपा तिलमिलाई हुई है पर ध्यान रखें राजनीतिक शुचिता और शालीनता बनाये रखना सरकार का दायित्व भी होता है।

सर्वाधिक डेंगू प्रभावित जिलों में विशेष ध्यान दें : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी

भोपाल 14 सितंबर (ए)। प्रदेश में डेंगू और चिकुनगुनिया से सर्वाधिक प्रभावित जिले मंदसौर, जबलपुर, रतलाम, आगर-मालवा, भोपाल, छिंदवाड़ा और इंदौर हैं। इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाए। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने सोमवार को मंत्रालय में विभागीय समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि डेंगू और चिकुनगुनिया की रोकथाम और बचाव के लिए 15 सितम्बर से डेंगू प्रहार अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में सर्वाधिक डेंगू प्रभावित मरीजों की संख्या रिपोर्ट हो रही है। ऐसे जिलों में डेंगू की रोकथाम और नियंणत्र पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी इन जिलों का खुद दौरा करें और व्यवस्थाओं पर नजर रखें। जिलों के सीएमएचओ और मलेरिया अधिकारियों को कहा कि डेंगू नियंत्रण की टीमों के रोजाना के कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में डेंगू के मरीज मिलते वहाँ पर रेपिड रिस्पांस टीम तुरंत विजिट करें और उन घरों के आसपास के डेंगू मच्छरों के लार्वा को पैदा करने वाले स्थानों पर कीटनाशक पाइरेथम का छिड़काव करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोगों को भी जागरूक करें कि हमारी लापरवाही के चलते डेंगू के मच्छर पनपते हैं। वर्षाकाल में रूक-रूक के वर्षा होने से पानी घर के आस-पास पड़े गमले, टायर, कूलर और अन्य पात्रों में जमा हो जाता है। जिसमें इन मच्छरों को पैदा करने वाले लार्वा पनपते है। लोगों से अनुरोध करें कि वह अपने घर के आस-पास स्वच्छ पानी को जमा नहीं होने दें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि डेंगू और चिकुनगुनिया के उपचार को आयुष्मान भारत निरामयम योजना में प्रदेश के इनपैनल्ड 867 शासकीय और निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है।

अंग्रेजी के बिना प्रगति नहीं हो सकती यह एक भ्रम : उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल 14 सितंबर (ए)। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति : गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए क्रियान्वयन' पर केन्द्रित पाँच दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव और माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.जी सुरेश ने किया।

एफ्डीपी को संबोधित करते हुए राज्यपाल अरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य दुनिया में भारत को शिक्षा के क्षेत्र में सुपर नॉलेज पावर बनाना है। यह शिक्षा नीति युवाओं को और अधिक स्किल्ड बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश का मंत्र है- 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतो'। अर्थात हम अच्छे विचारों का सब ओर से स्वागत करते हैं। यह हमारी संस्कृति है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भी भारतीय संस्कृति के सर्वसमावेशी विचार पर जोर देती है। यह विविधताओं का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थी के भीतर सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने वाली है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह एक भ्रम है कि अंग्रेजी के बिना प्रगति नहीं हो सकती। हमें जापान और फ्रांस सहित दुनिया के अनेक देशों को देखना चाहिए, जो अपनी मातृभाषा में ही कार्य करते हैं। हमारे पास तो भाषाओं का गुलदस्ता है। उन्होंने कहा कि किसी भाषा से दिक्कत नहीं है लेकिन यदि अपनी मातृभाषा में शिक्षा मिले तो अधिक प्रभावी परिणाम प्राप्त होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय भाषाओं का सम्मान और संवर्धन करती है। जब हम अपनी शिक्षा नीति की बात करते हैं तब हम अपनी जड़ों से जुड़ कर बात करते हैं। हमें 1947 में ही मैकाले की शिक्षा नीति से मुक्त हो जाना चाहिए था। मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया का सबसे युवा देश भारत है और संभावनाओं से भरा हुआ है। आज दुनिया के अनेक प्रश्नों का उत्तर देने का सामर्थ्य भारत में है।

पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. ETCPMIVSKP 2021050, दिनांक : 09.09.2021

कार्य का नाम : जगदलपुर-कोरापुट दोहरीकरण प्रोजेक्ट : पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मण्डल के मानाबार-जराति स्टेशन के बीच सीमित ऊँचाई वाले उपमार्ग (Crossing) के माध्यम से ट्रैक क्रॉसिंग (Track Crossing) का प्रावधान और विभिन्न स्टेशनों में रेल सुरक्षा बल (RPF) विभाग के लिए महिलाओं के कपड़े बदलने का कमरा (Ladies dress changing rooms) और श्वान आवास (Dog kennels) का निर्माण।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 383.37 लाख,
कार्य पूरा होने की अवधि : 05 (पांच) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :
दिनांक 01.10.2021 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फार्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http:// www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

निविदाकारों को उनके लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-C जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/
भुवनेश्वर
PR-62/CE/21-22

उपभोक्ताओं की शिकायत पर होगी कार्यवाही - डॉ. भदौरिया

भोपाल 14 सितंबर (ए)। शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन में सतर्कता बरते। उपभोक्तओं की शिकायत मिलने पर कार्यवाही होगी। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने सोमवार को ओरछा में सहकारिता विभाग के अधिकारियों को समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए।

सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने कहा कि समिति प्रबंधकों को भी 60 प्रतिशत तक कैडर संवर्ग में लिये जाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारी पर्यटन एवं श्रम सहकारिता पर ध्यान दिया जाए। प्रदेश के युवाओं को खनन क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओ सें जोड़े। इससे खनन क्षेत्र के कार्य को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश को भी राजस्व की प्राप्ति होगी। इसका लाभ प्रदेश के युवा वर्ग के साथ जनता को प्राप्त होगा।

AFFIDAVIT

I Jems Benia, aged about 39 years, S/o. **Late Joseph Benia**, resident of Senapati Street, Nabarangpur, Po/Ps/Dist-Nabarangpur, Odisha, do hereby Solemnly on oath and state as follows :-

1. That my sister namely, **Sasmita Benia** have completed B.Sc Nurse & MIDWIFE at Chhattisgarh Nurse Registration Council, Raipur (C.G.)
2. That my sister also obtain the Chhattisgarh Nureses Registration Council Certificate, vide no. VI-3999 Valid on 29.01.2020.
3. That on dtd. 05.09.2021 Sunday from my house I went towards Nabarangpur Town for Xerox of the above mentioned certificate of my sister, same was lost on the way and after long search I could not found place.
4. That in this matter I reported before the Nabarangpur Police station on dtd. 07.09.2021 for lost of Nursing Certificate of my sister, vide Station Dairy No. 022/2021 dtd. 07.09.2021.
5. That now my sister wants to obtain the above mentioned duplicate certificate for her further use.
6. That I swear this affidavit in order to produce before the Principal, Chhattisgarh Nurses Registration Council, Raipur (C.G.) for information necessary action.

I do hereby declare that the above contents of this affidavit are true to the best of my knowledge belief and information.

Identified by me
Advocate, Nabarangpur

Jems Benia
Deponent

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र.178/ब121/2019-2020

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयकिशोर कश्यप पिता श्री अयोध्या कश्यप जाति भतरा साकिन अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड क्र. 38 तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने दादा स्व. सोमदास पिता मगन जाति भतरा साकिन अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड क्र.38 की मृत्यु दिनांक 30/10/2014 को निवास स्थान साकिन अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड क्र. 38 में हुई है। आवेदक किसी कारण से अपने दादा का मृत्यु तिथि 30/10/2014 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नही करा पाया था। वर्तमान में आवेदक को शासकीय प्रयोजन कारणों से मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त संबंध में आवेदक आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 22/09/2021 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नही की जावेगी।

आज दिनांक 07/09/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
जगदलपुर

Email ID-eenb 1. jagdalpur@nic.in
Fax No. 07782-231049, Ph. No. 07782-222310

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग

(भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1 जगदलपुर

निरस्तीकरण सूचना

ज्ञापन क्रमांक-4689/व.ले.लि./21 जगदलपुर, **दिनांक : 08/09/2021**

इस कार्यालय के निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 18/व.ले.लि./21-22 दिनांक 03.09.2021 में दर्शित कार्य को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। (जी न. 63408)

निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	लागत
1	2	3
टी.0115	खनन से अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित स्थानीय आदिवासियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र (प्रथम तल)	रू. 49.99 लाख

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
उत्तर बस्तर संभाग क्रं. 1 जगदलपुर

जी-63618/3

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

(E-mail Address : eekon-phe-cg@gov.in)

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम :- जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में रेट्रोफिटिंग कार्य एवं सिंगल विलेज कार्य।

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
31/10.09.2021	83129	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम अड़ेंगा में रेट्रोफिटिंग कार्य	98.09
32/10.09.2021	83130	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम बड़ेबजार में रेट्रोफिटिंग कार्य	82.33
33/10.09.2021	83131	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम बेड़मा में रेट्रोफिटिंग कार्य	104.40
34/10.09.2021	83132	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम भण्डारसिवनी में रेट्रोफिटिंग कार्य	94.04
35/10.09.2021	83134	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम कोरगांव में रेट्रोफिटिंग कार्य	74.91
36/10.09.2021	83135	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम ईरागांव में रेट्रोफिटिंग कार्य	64.21
37/10.09.2021	83136	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम कोहकोबेड़ा में रेट्रोफिटिंग कार्य	58.06
38/10.09.2021	83137	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम सिंगनपुर में रेट्रोफिटिंग कार्य	54.36
39/10.09.2021	83138	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम सिरसीकलार में रेट्रोफिटिंग कार्य	69.93
40/10.09.2021	83139	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम तोमकपाल में रेट्रोफिटिंग कार्य	99.19
41/10.09.2021	83140	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम सोनाबाल में रेट्रोफिटिंग कार्य	85.46
42/10.09.2021	83141	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम होनहेड़ में सिंगल विलेज कार्य।	6.91
43/10.09.2021	83142	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम सारखेड़ा में सिंगल विलेज कार्य।	3.44

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाइट http://pheceg-procurement.gov.in से दिनांक 27.09.2021 तक डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
कोण्डागांव (छ.ग.)

जी- 63632/4